भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न संख्या : 2722

सोमवार, 18 अगस्त, 2025 (27 श्रावण, 1947, (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

हवाई यात्रा पर विनियामक और भू-राजनीतिक व्यवधानों का प्रभाव

2722. श्रीमती रंजीत रंजन:

श्रीमती फूलो देवी नेतम:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विनियामक मुद्दों और विदेशी राजनीतिक उथल-पुथल के कारण वर्ष 2025 में भारतीय एयरलाइनों द्वारा रद्द और पुनर्निर्धारित उड़ानों की संख्या का देश-वार और एयरलाइन-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) यात्री यातायात और एयरलाइन राजस्व पर इनका क्या प्रभाव पड़ा है; और

(ग) परिचालन जारी रखने तथा रद्द और पुनर्निर्धारित अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों से प्रभावित यात्रियों को सहायता प्रदान करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क): वर्ष 2025 के लिए विनियामक मामलों और भू-राजनीतिक मामलों के कारण रद्द/पुनर्निर्धारित उड़ानों की एयरलाइन-वार संख्या का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

(ख): एयरलाइनों को देरी और रद्दकरण के कारण अतिरिक्त ईंधन, चालक दल का ओवरटाइम, रखरखाव, हवाईअड्डा शुल्क और पुन:बुकिंग व्यय सहित लागत वहन करनी पड़ती है। इसके अलावा, रद्दकरण या बहुत अधिक देरी के लिए एयरलाइनों द्वारा यात्रियों को धनवापसी या मुआवजा प्रदान करना अपेक्षित है। जनवरी-जून 2025 के दौरान घरेलू एयरलाइनों द्वारा यात्रा कराए यात्रियों की संख्या में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 7.34% की वृद्धि दर्ज की गई।

(ग): उड़ानें रद्द होने की स्थिति में नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने 'बोर्डिंग से इनकार करने, उड़ानें रद्द करने और उड़ानों में देरी के कारण यात्रियों को एयरलाइंस द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाएं' शीर्षक के अंतर्गत नागर विमानन अपेक्षाएं (सीएआर) खंड 3, श्रृंखला एम, भाग IV जारी की हैं।

अनुलग्नक

रद्द/पुनर्निर्धारित उड़ानों का एयरलाइन-वार विवरण

2025 (30 जून तक)		
एयरलाइनें	**कुल प्रस्थान**	**रद्द हुई उड़ानों की संख्या**
एअर इंडिया ग्रुप *	161204	1468
अकासा एअर	24447	64
एलाइंस एअर	10141	499
इंडिगो	356811	3274
स्पाइस जेट	19476	401
* एअर इंडिया ग्रुप में एअर इंडिया एक्सप्रेस शामिल है।		

*****